# कैंटीन अलॉटमैंट की प्रक्रिया

1. महाविद्यालय में कैंटीन के लिए निविदाएं प्राप्ति की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 है।

2. निविदाएं महाविद्यालय में कमरा संख्या 7 में 22 अप्रैल 2025 को खोली जाएंगी। अतः इच्छुक निविदाकर्ता इस दिन दोपहर 12:00 बजे तक महाविद्यालय में पहुंचना सुनिश्चित करें।

3. सरकार की हिदायतों के अनुसार कैंटिन अलॉटमेंट में स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता दी जानी है।

4. स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता देने के लिए यह आवश्यक है कि कम से कम तीन निविदाएं स्वयं सहायता समूहों से महाविद्यालय में प्राप्त हो जाएं तथा नियमों और शर्तों के मानदण्डों को पूरा करती हो।

5. यदि स्वयं सहायता समूह से तीन या इससे अधिक निविदाएं प्राप्त हो जाती है तो अन्य निविदाकारों की निविदाओं पर कैंटिन अलॉट करने के लिए विचार नहीं किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों से प्राप्त तीन या तीन से अधिक निविदाओं में जिसने सबसे अधिक किराए की राशि अपनी निविदा में लिखी होंगी उसको कैंटिन अलॉट कर दी जाएगी बशर्ते वह अन्य नियम व शर्ते पूरा करता हो।

6. वे निविदाएं जो नियम व शर्तो पर खरी नहीं उतरेगी उन्हें अलॉटमैंट की प्रक्रिया से पहले ही रद्द कर दिया जाएगा।

7. यदि स्वयं सहायता समूहों से तीन से कम निविदाएं प्राप्त होती है तो ऐसी स्थिति में स्वयं सहायता समूहों के साथ अन्य सभी निविदाकारों की निविदाओं पर विचार किया जाएगा।

8. बिन्दु 7 की स्थिति में स्वयं सहायता समूहों की प्राथमिकता समाप्त हो जाएगी। ऐसी स्थिति में सभी निविदाकार बराबर हो जाएंगे। जिस भी निविदाकार की किराए की राशि सबसे अधिक होगी उसे कैंटिन अलॉट कर दी जाएगी, बशर्ते वह अन्य सभी नियम व शर्ते पूरा करता हो।